RAF SECTOR

NEWS CLIP

11/03/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Meerat (UP)

भीड़ नियंत्रण सीखने पहुंची जेके पुलि

मेरठ | संवाददाता

जम्मू-कश्मीर के तीन सौ पुलिस अफसरों-कर्मियों का वेदव्यासपुरी स्थित आरएएफ 108 बटालियन में भीड़ नियंत्रण ट्रेनिंग कोर्स शुरू हुआ है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएएफ 108 वाहिनी के कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने किया।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जम्मू एंड कश्मीर के कार्मिकों को विशेष हथियारों एवं उपकरणों का प्रशिक्षण, दंगा नियंत्रण ड्रिल, लोक व्यवस्था प्रबंधन, मानवाधिकारों आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रशिक्षण

- तीन सौ पुलिस अफसरों और कर्मियों के दल को दिया जाएगा प्रशिक्षण
- प्रशिक्षण के दौरान मेरठ के कई इलाकों का भी कराया जाएगा भ्रमण

अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मेरठ शहर और आसपास के इलाके का भ्रमण कराया जाएगा। इस अवसर पर आरएएफ के द्वितीय कमान अधिकारी बीएस भा हरीश चंद्र नेगी, नीरज कुमार, प्र कुमार, अजित कुमार, पवन कु आदि उपस्थित रहे।

मेरठ आए हैं जम्मू-कश्मीर पुलिस अफसर: तीन सौ प्रशिक्षणार्थि के साथ हरबंस लाल, डीएसपी सम कई पुलिस अफसर मेरठ आए हुए हैं वह भी उनके साथ ट्रेनिंग ले रहे हैं।

पहले भी लिया गया था प्रशिक्षण

कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इससे पहले भी रैपी संस्थान में 8 से 2 जनवरी तक भीड़ नियंत्रण प्रशिक्ष कोर्स संचालित किया जा चुका है।

जम्मू-कश्मीर के तीन सौ पुलिस अफसरों-कर्मियों की वेदव्यासपुरी स्थित आरएएफ 108 बटालियन में ट्रेनिंग शुरू हो गई।

Amar ujala, Meerat (UP)

जम्मू कश्मीर पुलिस सीखेगी भीड़ नियंत्रण

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। जम्मू कश्मीर के पुलिसकर्मी आरएएफ से भीड़ पर नियंत्रण करना सीखेंगे। भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण कोर्स के तहत उन्हें यह प्रशिक्षण सोमवार से शुरू कर दिया गया, जो 23 मार्च तक चलेगा।

सोमवार को 108 आरएएफ अकादमी में कमांडेंट शैलेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कमांडेंट ने बताया कि आरएएफ लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) लोक व्यवस्था प्रबंधन प्रशिक्षण में अग्रणी संस्थान है। प्रशिक्षण के दौरान अकादमी के अधिकारियों तथा अतिथि व्याख्यानविदों के द्वारा जम्मू कश्मीर राज्य के 24 आईआरपी के कार्मिकों को विशेष हथियारों और उपकरणों का प्रशिक्षण, दंगा नियंत्रण ड्रिल, लोक व्यवस्था प्रबंधन, मानवाधिकारों आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अध्ययन भ्रमण के दौरान मेरठ और आसपास के कुछ प्रसिद्ध इलाकों का भ्रमण भी कराया जाएगा। 300 पुलिसकर्मियों के साथ जम्मू कश्मीर के डीएसपी हरवंश लाल भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी बीएस भाटी, उप-कमांडेंट हरीश चंद सिंह नेगी, नीरज कुमार झा, सहायक कमांडेंट अजित कुमार, पवन कुमार और के. अक्कोजी मौजूद रहे।

आरएएफ एकेडमी पहुंचे जम्मू-कश्मीर के पुलिसकर्मी।

23 मार्च तक चलेगा भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण कोर्स

Scanned with

Rajasthan Patrika, Ahmedabad (GJ)

देश की एकता, अखंडता के लिए सीआरपीएफ जवानों की साइकिल रैली



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

गांधीनगर. 'केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 81वें वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके मद्देनजर देश की एकता, अखंडता और भाईचारा के लिए सीआरपीएफ जवानों की ओर से साइकिल रैली निकाली गई।

राज्य के नर्मदा जिले के मुख्यालय केवडिया स्थित स्टेच्यू ऑफ युनिटी परिसर से रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निकाली गई साइकिल रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं ग्रुप केन्द्र गांधीनगर के पुलिस उप महानिरीक्षक के.एम. यादव ने किया। इस साइकिल रैली में सीआरपीएफ के विभिन्न बटालियन का प्रतिनिधित्व करने वाली 40 महिला व पुरुष अधिकारी व कर्मी हिस्सा ले रहे हैं। साइकिल रैली गुजरात व महाराष्ट्र के कई शहरों-राजपीपला, अंकलेश्वर, सूरत, नवसारी, वलसाड, पालघर, नवागढ़ की करीब 550 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 11वें दिन नवी मुम्बई पहुंचेगी। इस अवसर पर मुंबई स्थित नौसेना के पश्चिमी सेक्टर के मुख्यालय में पाइप व ब्रास बैंड का निर्देशन किया जाएगा। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता, नारी शक्ति, नेतृत्व क्षमता, अस्मिता एवं गरिमा का परिचय तथा देश की अखंडता, एकता एवं भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।